# चलेगी नैया तेरी बिन पतवार बाबोसा भजन लिरिक्स

चलेगी नैया तेरी बिन पतवार,
के करले बाबोसा पे तू ये एतबार,
के करते है वो भक्तो की नैया पार,
बाबोसा उनका नाम है।bd।

तर्ज – किसी की मुस्कराहटों पे।

---

श्री बाबोसा के जो भी करीब है,
जग में यारो वो ही खुशनसीब है,
बाबोसा की तू दिलसे करले बंदगी,
हो जायेगी सफल ये तेरी जिन्दगी,
के जोडले तू इनसे अपने दिल के तार,
बाबोसा उनका नाम है।bd।

---

कर न कोई चिंता तू ना कर फिकर,
बाबोसा की तुझपे है बड़ी महर,
तू भी मांगेगा जो भी मिल ही जायेगा,
तेरे हर काम वो ही बनायेगा,
कभी न होने देगा वो तेरी हार,
बाबोसा उनका नाम है।bd।

---

रिश्ता तू बनाले इनसे एक बार,
प्यार ये करेगे तुझसे बेसुमार,
इनके साथ रह हर जन्म ये निभायेगे,
के छोड़ तुझको ये कभी न जायेगे,
देव ‘दिलबर’ के जो है आधार,
बाबोसा उनका नाम है।bd।

---

चलेगी नैया तेरी बिन पतवार,
के करले बाबोसा पे तू ये एतबार,
के करते है वो भक्तो की नैया पार,
बाबोसा उनका नाम है।bd।

लेखक – दिलीप सिंह सिसोदिया ‘दिलबर’।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टर 9907023365 ने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com